उत्तर प्रदेश शासन

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या-59/2019/415/92-2-19-27जॉच/2015

लखनऊ:: दिनांक 25 मार्च, 2019

कार्यालय-ज्ञाप

डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2012-13 में चयनित ग्राम-गदौली कला, विकास खण्ड-शमशाबाद, तहसील फतेहाबाद, आगरा में सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन निर्माण कार्यो में पायी गयी कमियों में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये गये अपचारी अधिकारी, श्री राजीव कुमार गुप्ता, तत्का0 अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-आगरा (सम्प्रति से0नि0) के स्थान पर श्री एस0 के0 दीक्षित, तत्का0 अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-आगरा (सम्प्रति से0नि0) का नाम शासन स्तर पर प्रेषित किये जाने हेतु श्री रियाज अहमद सिददीकी तत्का0 अधिशासी अभियंता एवं वैयक्तिक सहायक (स्था0-1) मुख्यालय, लखनऊ सम्प्रति अधिशासी अभियंता, प्रखण्ड-पीलीभीत को उत्तरदायी पाये जाने पर श्री सिददीकी से शासन के पत्र सं0-21/92-2-19-27जांच/2015 दिनांक 03-01-2019 द्वारा उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम-10(2) के अंतर्गत स्पष्टीकरण मांगा गया।

2- श्री सिददीकी द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से उपलब्ध कराये गये उनके स्पष्टीकरण दिनांक 18-01-2019 एवं अन्य संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री सिददीकी द्वारा शासन को त्रुटिपूर्ण एवं विलम्ब से सूचना प्रेषित किये जाने हेतु उत्तरदायी पाये जाने पर उन्हें भविष्य के लिये उन्हें कठोर चेतावनी दिये जाने की एतदद्वारा श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन

अपर मुख्य सचिवा

संख्या-59/2019/415(1)/92-2-2019 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

2- श्री रियाज अहमद सिददीकी, तत्का0 अधि0 अभि0 एवं वैयक्तिक सहा0(स्था0-1) मुख्यालय, लखनऊ सम्प्रति अधिशासी अभियंता, प्रखण्ड-पीलीभीत द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वी0 के0 सिंह)

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in